# चार लेन की होगी बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क : सीएम

संवाददाता, पटना

**दानापुर** से बिहटा तक बन रही एलिवेटेड सड़क चार लेन की होगी. इसमें चार बाइपास बनेंगे. यह बाइपास नेऊरागंज, पैनाल, कन्हौली और विशुनपुरा में बनेंगे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. यह सड़क पटना-बक्सर फोरलेन का अहम हिस्सा है. इस परियोजना के पूरा होने से कोइलवर से दानापुर तक यातायात सुगम होगा. सुचारू रूप से वाहनों के परिचालन से ईंधन और समय की भी बचत होगी. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह चारलेन की एलिवेटेड सड़क बिहटा हवाई अड्डे को विशेष कनेक्टिविटी देगी. साथ ही पटना की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी. बिहटा-दानापुर एलिवेटेड परियोजना की लंबाई 25.081 किमी है. यह दानापुर रेलवे स्टेशन से शुरू होकर कोइलवर ब्रिज को संपर्कता देगी. इसकी लागत 1969.39 करोड़ है, जिसे सीइगल इंडिया लिमिटेड बना रहा है. इसको 11 मार्च, 2024 को शुरू हुआ था और छह सितंबर, 2026 तक पूरा कर लिया जायेगा.

## एसडीआरएफ मुख्यालय परिसर में बचे काम जल्द पूरा करें : नीतीश

मुख्यमंत्री ने बिहटा में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने बचे हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाकर जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा है कि मुख्यालय परिसर तक सुगमतापूर्वक आवागमन हो सके, इसका ख्याल रखें. परिसर के नवनिर्मित भवनों पर सोलर पैनल लगवाएं. मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक भवन के पहले और तीसरे तल का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं का जायजा लिया. प्रशासनिक भवन के ऊपरी तल पर जाकर मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित और निर्माणाधीन भवनों सहित आसपास के इलाकों का मुआयना किया. अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति और अपडेट स्थिति की विस्तृत जानकारी ली.

### परिसर में होगा ऑडिटोरियम, ट्रेनिंग सेंटर

इस दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को एसडीआरएफ, मुख्यालय के प्रस्तावित मॉडल के माध्यम से निर्माणाधीन कैंपस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि परिसर में प्रशासनिक भवन, ऑडिटोरियम, प्रशिक्षण केंद्र, क्वार्टर, मास्टर स्टोर, बाढ़ राहत के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल बनाया जा रहा है. पदाधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासन, जवानों के लिए बैरक, चिकित्सकों के लिए आवासन, खेल-खूद की व्यवस्था जैसी हर जरूरी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं. अधिकांश भवनों का निर्माण काम पूरा हो चुका है.



बिहटा में एसडीआरएफ मुख्यालय परिसर का मॉडल देखते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार.